# MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

## // UNIVERSITY LIBRARY //


## -: NEWS CLIPPING SERVICE -:

**DATE :- 19** August**, 2026**

# MCU NEWS

अभ्युदय-2026

## महापुरुषों को ट्रोल करने से बचें युवा...



पीयूष मिश्रा

सिटी रिपोर्टर • एमसीयू में ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'अभ्युदय-2026' की शुरुआत मंगलवार को हुई। इस मौके पर लेखक, गीतकार और अभिनेता पीयूष मिश्रा के साथ टॉक शो आयोजित किया गया। 2009 बैच की स्टूडेंट निशा थरानी और कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने उनसे बातचीत की।

### एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी होने की सलाह


पीयूष मिश्रा ने कहा कि जेनरेशन गैप हमेशा रहा है। हर पीढ़ी के युवाओं को भगत सिंह याद रहते हैं, लेकिन स्वामी विवेकानंद को भी याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर भगत सिंह, महात्मा गांधी और सरदार पटेल के दौर में सोशल मीडिया होता तो उन्हें भी ट्रोल किया जा सकता था। हमें ऐसा नहीं करना चाहिए। कम से कम अपने महापुरुषों को ट्रोल करने से बचना चाहिए। उन्होंने युवाओं से जमकर काम करने और अपने काम में आनंद लेने की बात कही। साथ ही किताबें पढ़ने की आदत बढ़ाने और अपने काम में एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी होने की सलाह दी। स्टूडेंट्स की रिक्वेस्ट पर उन्होंने अपने कुछ गीत भी सुनाए। इससे पूर्व पहले सत्र में पत्रकार श्यामलाल यादव, पदम भंडारी, डॉ. विश्वेश ठाकरे, संदीप रघुवंशी, शिल्पा अग्रवाल और अश्विनी मिश्रा ने संबोधित किया। कार्यक्रम में पत्रिका 'इंडियन कलाईडोस्कोप' का विमोचन किया गया।

NEWS CLIPPING SERV ICE
FROM MCNUJC LIBRARY
DAINIK BHASKAR 19-08-2026

## माखनलाल के अभ्युदय-2026 में युवाओं को एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी बनने की सीख

# एमसीयू में विद्यार्थियों से बोले मुख्यमंत्री- फेक न्यूज के दौर में नेक न्यूज पर करें फोकस

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**भोपाल.** न्यूज से ऊपर नेशन होना चाहिए। फेक न्यूज के दौर में नेक न्यूज पर फोकस हो। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के नए विद्यार्थियों के लिए अभ्युदय-2026 के उद्घाटन समारोह में कही। डॉ यादव ने युवाओं से कहा कि पत्रकारिता में सत्ता का विरोध हो सकता है, लेकिन देश का विरोध नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम में अभिनेता, लेखक और गीतकार पीयूष मिश्रा मौजूद रहे।

सीएम ने ने पत्रकारिता और संचार की ताकत समझाने के लिए लव-कुश और देवर्षि नारद के उदाहरण दिए। वीर सावरकर और कवि प्रदीप का उल्लेख करते हुए कहा कि साहित्य और पत्रकारिता ने आजादी के दौर में समाज में चेतना जगाने का काम किया।

टॉक शो में पीयूष मिश्रा ने युवाओं से कहा कि सोशल मीडिया के दौर में हर बात पर प्रतिक्रिया देने के बजाय पढने, सीखने और काम करने की आदत विकसित करें। उन्होंने कहा कि आज के युवा स्मार्ट हैं, लेकिन महापुरुषों को ट्रोल करने की प्रवृत्ति से बचना चाहिए।

अगर भगत सिंह, महात्मा गांधी और सरदार पटेल के दौर में सोशल मीडिया होता तो उन्हें भी ट्रोल किया जा सकता था। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने विद्यार्थियों को नकारात्मकता से दूर रहने और अपने काम में बाधक बनने के बजाय सहयोगी बनने की सीख दी।

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पर प्रकाशित दो सदी साक्षी है, मैं क्लासरूम और इंडियन कलाईडोस्कोप का विमोचन हुआ। कोर्स में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाली परिधि पुजारा, तमन्ना लश्कर और शिविका गुप्ता को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

NEWS CLIPPING SERV ICE
FROM MCNUJC LIBRARY
PATRIKA 19-08-2026

स्वदेश

भोपाल - संस्करण

19 AUG 2026

NEWS CLIPPING SERV ICE
FROM MCNUJC LIBRARY


[ संबोधन ] मुख्यमंत्री ने किया माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के सत्रारंभ-अभ्युदय 2026 का किया शुभारंभ, बोले

# पत्रकारिता में सत्ता का प्रतिकार तो ठीक लेकिन देश का विरोध नहीं होना चाहिए

स्वदेश संवाददाता ■ भोपाल

पत्रकारिता में सत्ता का विरोध ठीक है, लेकिन देश विरोध नहीं होना चाहिए। हमारे लिए न्यूज से ऊपर नेशन हो, देश हित को हम सर्वोपरि रखें।

फेक न्यूज़ के जमाने में हम नेक न्यूज़ वाले बनें। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सत्रारंभ - अभ्युदय 2026 के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मां सरस्वती, भारत माता और दादा माखनलाल चतुर्वेदी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।



**समाचार पत्रों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए किया था संघर्ष...** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के स्वाधीनता आंदोलन में स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर ने पत्रकार की भूमिका में महत्वूपर्ण योगदान दिया। वे पढ़ाई के लिए लंदन गए और 1857 के संघर्ष के सही स्वरूप को सबके सामने लाते हुए बताया कि यह मात्र सैनिक विद्रोह नहीं अपितु स्वतंत्रता के लिए समर था। दो बार कालापानी की सजा मिलने पर भी उन्होंने पत्रकारिता और लेखन कार्य को जारी रखा। उन्होंने हिंदी भाषा को समाज में प्रतिष्ठित स्थान दिलवाने के लिए आंदोलन चलाया। देश में हिंदी पत्रकारिता के स्वनामधन्य पत्रकारों की लंबी परंपरा रही है। इसके बाद आपातकाल के दौर में समाचार पत्रों ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए तत्कालीन सत्ता का विरोध किया और अपनी असहमति स्वरूप समाचार पत्रों के संपादकीय पृष्ठ खाली छोड़ दिए गए।

## नकारात्मक विचारों को स्वयं पर हावी न होने दें विद्यार्थीः तिवारी

कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी आज देशभर के शीर्ष संस्थानों में नाम रोशन कर रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण और आचार्य आदि शंकर, दोनों की शिक्षा मध्यप्रदेश की धरती पर हुई है। विद्यार्थी नकारात्मक विचारों को कभी स्वयं पर हावी न होने दें और सकारात्मक कार्यों के माध्यम से देश को आगे बढ़ाएं। सुप्रसिद्ध अभिनेता, लेखक और साहित्यकार पीयूष मिश्रा ने कहा कि भोपाल की सुंदरता यहां की आत्मीय बोली, लोगों का व्यवहार, खानपान और परंपराएं सभी को सहज ही आकर्षित करती हैं। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. पी. शशिकला ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. विजय अग्रवाल, श्री हेमंत मुक्तिबोध सहित विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, नवागत एवं पूर्व विद्यार्थी और समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विश्वविद्यालय के प्रकाशनों का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वविद्यालय के प्रकाशनों क्रमशः 'दो सदी साक्षी', विकल्प लैब जरनल 'मैं न्यूज़ रूम' और भारत की टेंपल इकोनॉमी पर केंद्रित जरनल 'इंडियन कलाईडोस्कोप' का विमोचन किया तथा विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों सुश्री परिधि पुजारी, सुश्री तमन्ना लश्कर और सुश्री शिविका गुप्ता का उनकी उपलब्धियां के लिए सम्मान कर उन्हें अलंकरण प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वविद्यालय द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी '100 साल से 100 सुर्खियां' का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने डॉ. यादव को विश्वविद्यालय की परंपरा अनुसार पुस्तकें 'माखन के लाल' और 'कार्टून कथा' तथा अंग वस्त्रम भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध अभिनेता, लेखक और साहित्यकार पीयूष मिश्रा और देशभर से आए विश्वविद्यालय के 50 पूर्व विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार है। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय आज देश का उत्कृष्ट पत्रकारिता व संचार संस्थान बन चुका है। यह पत्रकारों के लिए एक पवित्र मंदिर की तरह है।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM MCNUJC LIBRARY
स्वदेश ज्योति

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के सत्रारंभ-अभ्युदय 2026 का किया शुभारंभ

# फेक न्यूज के जमाने में हम नेक न्यूज वाले बनें : मुख्यमंत्री

- पत्रकारिता में सत्ता का विरोध ठीक है, लेकिन देश का विरोध नहीं होना चाहिए
- हम देश हित को सर्वोपरि रखें
- पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार
- विद्यार्थी नकारात्मक विचारों को स्वयं पर हावी न होने दें

स्वदेश ज्योति संवाददाता, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि फेक न्यूज़ के जमाने में हम नेक न्यूज़ वाले बने। पत्रकारिता में सत्ता का विरोध ठीक है, लेकिन देश विरोध नहीं होना चाहिए। हमारे लिए न्यूज़ से ऊपर नेशन हो, देश हित को हम सर्वोपरि रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सत्रारंभ - अभ्युदय 2026 के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मां सरस्वती, भारत माता और दादा माखनलाल चतुर्वेदी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वविद्यालय के प्रकाशनों का किया लोकार्पण:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वविद्यालय के प्रकाशनों क्रमशः दो सदी साक्षी, विकल्प लैब जरनल मैं न्यूज रूम और भारत की टेंपल इकोनॉमी पर केंद्रित जरनल इंडियन कलाईडोस्कोप का विमोचन किया तथा विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों सुश्री परिधि पुजारी, सुश्री तमन्ना लश्कर और सुश्री शिविका गुप्ता का उनकी उपलब्धियां के लिए सम्मान कर उन्हें अलंकरण प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वविद्यालय द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी 100 साल से 100 सुर्खियां का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आगमन पर कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने डॉ. यादव को विश्वविद्यालय की परंपरा अनुसार पुस्तकें माखन के लाल और कार्टून कथा तथा अंग वस्त्रम भेंट कर उनका स्वागत किया।




## पत्रकारिता विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभर में अपनी साख बनाई हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार है। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय आज देश का उत्कृष्ट पत्रकारिता व संचार संस्थान बन चुका है। यह पत्रकारों के लिए एक पवित्र मंदिर की तरह है। यहां के विद्यार्थियों ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और आधुनिक दौर की डिजिटल पत्रकारिता के जरिए देशभर में अपनी साख और धाक बनाई है। आजादी के दौर में दादा पंडित माखनलाल चतुर्वेदी, कवि प्रदीप को उनकी रचनाओं के लिए अंग्रेजों ने सजा सुनाई थी। हमारे साहित्यकार और पत्रकार उस दौर में निडरता के साथ सच्चाई के साथ खड़े थे और आज भी वे उसी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार पत्रकारिता विश्वविद्यालय के विकास के लिए संकल्पबद्ध है। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी और समस्त स्टॉफ ने विश्वविद्यालय की विरासत को प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाया है।

## विशेषांक विमोचित

इस अवसर पर हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम 'प्रणाम उदन्त मार्तण्ड' पर केंद्रित पुस्तक 'दो सदी साक्षी है', विकल्प का विशेषांक 'मैं क्लासरूम' और मंदिर की अर्थव्यवस्था पर केंद्रित पत्रिका 'इंडियन कलाईडोस्कोप' का विमोचन किया गया।

**प्रतिभा सम्मान :** इस अवसर पर अपने कोर्स में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों- परिधि पुजारा, तमन्ना लश्कर और शिविका गुप्ता को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

## भगवान श्रीकृष्ण और आचार्य आदि शंकर, दोनों की शिक्षा मप्र की धरती पर हुई

कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी आज देशभर के शीर्ष संस्थानों में नाम रोशन कर रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण और आचार्य आदि शंकर, दोनों की शिक्षा मध्यप्रदेश की धरती पर हुई है। विद्यार्थी नकारात्मक विचारों को कभी स्वयं पर हावी न होने दें और सकारात्मक कार्यों के माध्यम से देश को आगे बढ़ाएं। सुप्रसिद्ध अभिनेता, लेखक और साहित्यकार पीयूष मिश्रा ने कहा कि भोपाल की सुंदरता यहां की आत्मीय बोली, लोगों का व्यवहार, खानपान और परंपराएं सभी को सहज ही आकर्षित करती हैं। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. पी. शशिकला ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. विजय अग्रवाल, हेमंत मुक्तिबोध सहित विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, नवागत एवं पूर्व विद्यार्थी और समस्त अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

Bhopal Main-Edition Edition
Aug 19, 2026 Page No. 3
Powered by: erelego.com



Madhya Pradesh Chief Minister Mohan Yadav addresses the inaugural session of the three-day programme Abhyudaya: 2026 of Makhanlal Chaturvedi National University of Journalism and Communication in Bhopal on Tuesday. Pioneer photo

# CM stresses responsible journalism

**PIONEER NEWS SERVICE** ■ Bhopal

Madhya Pradesh Chief Minister Mohan Yadav on Tuesday said journalism may question those in power, but it should never stand against the nation. He urged young journalists to promote "good news" in an era increasingly affected by fake news, stressing that national interest must remain above the news itself.

Yadav was speaking at the inaugural session of 'Abhyudaya-2026', a three-day orientation programme for new students of Makhanlal Chaturvedi National University of Journalism and Communication. Writer, lyricist and actor Piyush Mishra attended the event as the special guest, while university vice-chancellor Vijay Manohar Tiwari presided.

Highlighting the importance of communication, Yadav cited the story of Luv and Kush and described sage Narada as an exemplary communicator. He said effective communication has the power to guide both individuals and society.

Referring to Vinayak Damodar Savarkar, Yadav said his work in London challenged British rule and helped present the events of 1857 as a freedom movement rather than merely a sepoy revolt. He also highlighted Savarkar's contribution to Hindi and parliamentary terminology.

NEWS CLIPPING SERV ICE
FROM MCNUJC LIBRARY
THE PIONEER 19-08-2026

# पत्रकारिता में सत्ता का विरोध ठीक, देश का विरोध नहीं हो: मुख्यमंत्री

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9893231237

पत्रकारिता में सत्ता विरोध ठीक है, लेकिन देश का विरोध नहीं होना चाहिए। हमारे लिए न्यूज से ऊपर नेशन, देश हित को हम सर्वोपरि रखें। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सत्रारंभ-अभ्युदय 2026 के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रकाशनों 'दो सदी साक्षी', विकल्प लैब जरनल 'मैं न्यूज रूम' और भारत की टेंपल इकोनॉमी पर केंद्रित जरनल 'इंडियन कलाईडोस्कोप' का विमोचन किया। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों परिधि पुजारी, तमन्ना लश्कर और शिविका गुप्ता को उपलब्धियां पर सम्मानित किया। डॉ. यादव ने विश्वविद्यालय द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी '100 साल से 100 सुर्खियां' का अवलोकन किया।

सुप्रसिद्ध अभिनेता, लेखक और साहित्यकार पीयूष मिश्रा और देशभर से आए विश्वविद्यालय के 50 पूर्व विद्यार्थी विशेष उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि एमसीयू के पूर्व विद्यार्थी आज देशभर के शीर्ष संस्थानों में नाम रोशन कर रहे हैं। भगवान श्रीकृष्ण, आचार्य आदिशंकर, दोनों की शिक्षा मध्य प्रदेश की धरती पर हुई है। विद्यार्थी नकारात्मक विचारों को कभी स्वयं पर हावी न होने दें और सकारात्मक कार्यों के माध्यम से देश को आगे बढ़ाएं।

NEWS CLIPPING SERV ICE
FROM MCNUJC LIBRARY
PEOPLES SAMACHAR 19-08-2026

# फेक न्यूज के दौर में नेक न्यूज को जगह दें : सीएम

निज संवाददाता

**भोपाल, 18 अगस्त. माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के परिसर में मंगलवार को नए विद्यार्थियों के बीच पत्रकारिता, कला और करियर की चर्चा हुई. 'अभ्युदय-2026' के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि फेक न्यूज के दौर में वे नेक न्यूज वाले मीडिया कर्मी बनें. उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में सत्ता का विरोध ठीक है, लेकिन देश विरोध नहीं होना चाहिए और देशहित को सबसे ऊपर रखना चाहिए.**



तीन दिवसीय आयोजन में प्रसिद्ध कलाकार पीयूष मिश्रा भी शामिल हुए. कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लव-कुश और देवर्षि नारद के उदाहरण देकर संचार की भूमिका समझाई. उन्होंने वीर सावरकर और कवि प्रदीप के योगदान का भी जिक्र किया.पीयूष मिश्रा ने विद्यार्थियों से खूब काम करने, किताबें पढ़ने और अपने क्षेत्र में बेहतर करने की बात कही. उन्होंने कहा कि युवाओं को भगत सिंह के साथ स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों को भी याद रखना चाहिए. उन्होंने विद्यार्थियों के आग्रह पर गीत भी सुनाए.

पूर्व विद्यार्थियों श्यामलाल यादव, पदम प्रसाद भंडारी, डॉ. विश्वेश ठाकरे, संदीप रघुवंशी, शिल्पा अग्रवाल और विकास सिंह ने करियर के अनुभव साझा किए. धर्मेंद्र भदौरिया, हृदय गुप्ता, अश्विनी मिश्रा, डॉ. अंकिता मिश्रा, निशा थरानी, अजय उपाध्याय, अचिन्द्र भटनागर, सिद्धार्थ मुखर्जी, आदित्य श्रीवास्तव और पराक्रम शेखावत ने भी विद्यार्थियों को सुझाव दिए. इस दौरान 'दो सदी साक्षी है','मैं क्लासरूम' और 'इंडियन कलाईडोस्कोप' का विमोचन हुआ. परिधि पुजारा, तमन्ना लश्कर और शिविका गुप्ता को स्वर्ण पदक दिए गए.

**NEWS CLIPPING SERV ICE
FROM MCNUJC LIBRARY
NAVABHARAT 19-08-2026**

राष्ट्रीय हिन्दी मेल
दिनांक- 19/08/2026 पृष्ठ क्रमांक- 1 संस्करण- भोपाल प्रधान संपादक- विजय कुमार दास

# फेक न्यूज़ के दौर में नेक न्यूज़ जरूरी

भोपाल आरएचएम। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि फेक न्यूज़ के जमाने में हम नेक न्यूज़ वाले बने, पत्रकारिता में सत्ता का विरोध ठीक है, लेकिन देश विरोध नहीं होना चाहिए। हमारे लिए न्यूज़ से ऊपर नेशन हो, देश हित को हम सर्वोपरि रखें। उन्होंने यह बात माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सत्रारंभ - अभ्युदय 2026 के शुभारंभ सत्र में कहीं। इस मौके पर डॉ. यादव ने विश्वविद्यालय के प्रकाशनों क्रमशः 'दो सदी साक्षी', विकल्प लैब जरनल 'मैं न्यूज़ रूम' और भारत की टेंपल इकोनॉमी पर केंद्रित जरनल 'इंडियन कलाईडोस्कोप' का विमोचन किया तथा विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों परिधि पुजारी, तमन्ना लश्कर और शिविका गुप्ता का उनकी उपलब्धियां के लिए सम्मान कर उन्हें अलंकरण प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी '100 साल से 100 सुर्खियां' का अवलोकन किया। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने डॉ. यादव को विश्वविद्यालय की परंपरा अनुसार पुस्तकें 'माखन के लाल' और 'कार्टून कथा' तथा अंग वस्त्रम भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध अभिनेता, लेखक और साहित्यकार पीयूष मिश्रा और देशभर से आए विश्वविद्यालय के 50 पूर्व विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार है। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय आज देश का उत्कृष्ट पत्रकारिता व संचार संस्थान बन चुका है। यहां के विद्यार्थियों ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और आधुनिक दौर की डिजिटल पत्रकारिता के जरिए देशभर में अपनी साख और धाक बनाई है। आजादी के दौर में पंडित माखनलाल चतुर्वेदी, कवि प्रदीप को उनकी रचनाओं के लिए अंग्रेजों ने सजा सुनाई थी।

**पत्रकारिता विवि के 'अभ्युदय' की शुरुआत**



NEWS CLIPPING SERV ICE
FROM MCNUJC LIBRARY

THE FREE PRESS JOURNAL

# 'Opposing nation not acceptable'

Our Staff Reporter
BHOPAL



Chief minister Mohan Yadav releases Journal Indian Kaleidoscope based on temple economy of India at MCU on Tuesday

Chief Minister Mohan Yadav said that while opposing those in power is acceptable in journalism, opposing the nation is not. "For us, the nation should be above the news and national interest should remain our highest priority," he said.

He was speaking at the inaugural session of Satrarambh–Abhyudaya 2026 at Makhanlal Chaturvedi National University of Journalism and Communication in the city on Tuesday. Yadav said that journalism was an important pillar of democracy and the university emerged as one of the country's leading institutions for journalism and communication.


Free Press - Bhopal Epaper Edition
Wed, 19 August 2026

NEWS CLIPPING SERV ICE
FROM MCNUJC LIBRARY

देशबन्धु
Influencing Public Opinion Since 1959
Bhopal - Page 8
19 Aug 2026
NEWS CLIPPING SERV ICE
FROM MCNUJC LIBRARY

## माखनलाल चतुर्वेदी विवि के सत्रारंभ-अभ्युदय का किया शुभारंभ

# फेक न्यूज के जमाने में हम नेक न्यूज वाले बनें : मुख्यमंत्री



### विद्यार्थी नकारात्मक विचारों को स्वयं पर हावी न होने दें : तिवारी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि फेक न्यूज़ के जमाने में हम नेक न्यूज़ वाले बने। पत्रकारिता में सत्ता का विरोध ठीक है, लेकिन देश विरोध नहीं होना चाहिए। हमारे लिए न्यूज़ से ऊपर नेशन हो, देश हित को हम सर्वोपरि रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सत्रारंभ - अभ्युदय 2026 के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार है। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय विवि आज देश का उत्कृष्ट पत्रकारिता व संचार संस्थान बन चुका है। यह पत्रकारों के लिए एक पवित्र मंदिर की तरह है। यहां के विद्यार्थियों ने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और आधुनिक दौर की डिजिटल पत्रकारिता के जरिए देशभर में अपनी साख और धाक बनाई है। डॉ. यादव ने आजादी के दौर में दादा पंडित माखनलाल चतुर्वेदी, कवि प्रदीप को उनकी रचनाओं के लिए अंग्रेजों ने सजा सुनाई थी। हमारे साहित्यकार और पत्रकार उस दौर में निडरता के साथ सच्चाई के साथ खड़े थे और आज भी वे उसी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।

विश्वविद्यालय के प्रकाशनों क्रमशः दो सदी साक्षी, विकल्प लैब जरनल में न्यूज़ रूम और भारत की टेंपल इकोनॉमी पर केंद्रित जरनल इंडियन कलाईडोस्कोप का विमोचन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों परिधि पुजारी, तमन्ना लश्कर और शिविका गुप्ता का उनकी उपलब्धियां के लिए सम्मान कर उन्हें अलंकरण प्रदान किए।

कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी आज देशभर के शीर्ष संस्थानों में नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण और आचार्य आदि शंकर, दोनों की शिक्षा मध्यप्रदेश की धरती पर हुई है। विद्यार्थी नकारात्मक विचारों को कभी स्वयं पर हावी न होने दें और सकारात्मक कार्यों के माध्यम से देश को आगे बढ़ाएं। सुप्रसिद्ध अभिनेता, लेखक और साहित्यकार पीयूष मिश्रा ने कहा कि भोपाल की सुंदरता यहां की आत्मीय बोली, लोगों का व्यवहार, खानपान और परंपराएं सभी को सहज ही आकर्षित करती हैं। विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. पी. शशिकला ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. विजय अग्रवाल, हेमंत मुक्तिबोध सहित विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक अधिकारी कर्मचारी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

एमसीयू के नवागत विद्यार्थियों के लिए 'अभ्युदय 2026' का शुभारंभ

# सभी जनरेशन में युवाओं को भगत सिंह याद रहते हैं...



कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीएम डॉ. यादव, अभिनेता पीयूष मिश्रा व कुलपति तिवारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जेन-जी बहुत स्मार्ट है, हमारे बीच जनरेशन गैप है, लेकिन सभी जनरेशन में युवाओं को भगत सिंह याद रहते हैं, लेकिन युवाओं को स्वामी विवेकानंद भी याद रहने चाहिए। भगत सिंह, महात्मा गांधी और सरदार पटेल के दौर में सोशल मीडिया होता तो उनको भी ट्रोल किया जा सकता था। हमें यह नहीं करना है, अपने महापुरुषों को ट्रोल करने से बचें...

यह कहना है जाने माने अभिनेता पीयूष मिश्रा का, जो मंगलवार को एमसीयू के नवागत विद्यार्थियों के प्रबोधन के लिए आयोजित तीन दिवसीय 'अभ्युदय-2026' के शुभारंभ अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे।

## मुझ पर रहा स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंद का प्रभाव

सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मुझ पर स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंद का प्रभाव रहा है. मेरे लिए जहां प्रोफेशनल खत्म होते हैं, वहां से अध्यात्म शुरू होता है... यही वजह है कि मैं 40 मिनट वॉक करने के साथ साथ 40 मिनट रियाज करता हूं और नियमित ध्यान, ताकि एक कलाकार के रूप में उम्दा ढंग से अपनी कला का प्रदर्शन कर पाऊं।




## विद्यार्थियों के आग्रह पर पीयूष ने सुनाए कुछ गीत भी

पीयूष ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि हमें अपने काम में एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी होना चाहिए। [illegible] में आई प्राकृतिक आपदा में जाकर सहयोग करने का आह्वान भी पीयूष मिश्रा ने इस टॉक शो के दौरान किया। इस बातचीत के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के आग्रह पर अपने कुछ गीत भी सुनाए।

## 'फेक न्यूज' के जमाने में 'नेक न्यूज' वाले मीडियाकर्मी बनें

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि युवा 'फेक न्यूज' के जमाने में 'नेक न्यूज' वाले मीडियाकर्मी बनें। पत्रकारिता में सत्ता का विरोध ठीक है, लेकिन देश विरोध नहीं होना चाहिए। हमारे लिए न्यूज से ऊपर देश हो, देश हित को हम सर्वोपरि रखें।



## टकराएं नहीं, सुझावात्मक ढंग से मुद्दों पर दें अपनी राय

वरिष्ठ उद्घोषक पवन प्रसाद भंडारी ने कहा कि मीडिया को टकराने की जगह, सुझावात्मक ढंग से मुद्दों पर अपनी राय देनी चाहिए। शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत संदीप शुक्ला ने नए विद्यार्थियों से आग्रह किया कि आप को प्रायोगिक काम जरूर करना चाहिए।

NEWS CLIPPING SERV ICE
FROM MCNUJC LIBRARY
HARIBHOOMI 19-08-2026

# फेक न्यूज के दौर में पत्रकारिता की जिम्मेदारी बढ़ी : डॉ. यादव



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि फेक न्यूज के दौर में पत्रकारों को नेक न्यूज और सकारात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा देना चाहिए। पत्रकारिता में सत्ता का विरोध उचित है, लेकिन देश विरोध नहीं होना चाहिए। हमारे लिए न्यूज से ऊपर नेशन यानी राष्ट्रहित होना चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के सत्रारंभ-अभ्युदय 2026 कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार है और इस विश्वविद्यालय ने देश को कई प्रतिभाशाली पत्रकार दिए हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के प्रकाशनों 'दो सदी साक्षी', 'मैं न्यूज रूम' और 'इंडियन कलाईडोस्कोप' का विमोचन किया। साथ ही प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया और '100 साल से 100 सुर्खियां' प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आपातकाल तक पत्रकारों ने लोकतंत्र और सच्चाई की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत में संवाद की परंपरा प्राचीन काल से रही है। विद्यार्थियों को नकारात्मक विचारों से दूर रहकर सकारात्मक सोच के साथ देश निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी, अभिनेता व साहित्यकार पीयूष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक और अधिकारी उपस्थित रहे।

**NEWS CLIPPING SERVICE**
**FROM MCNUJC LIBRARY**
**DAINIK NAIDUNIA 19-08-2026**

**कार्यक्रम** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता व संचार विवि में आयोजित 'अभ्युदय' में अभिनेता पीयूष मिश्रा ने रखे अपने विचार

# घर बैठे क्रांति नहीं आएगी, युवाओं को समाज के बीच जाना होगा

**नवदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता व संचार विश्वविद्यालय में अभ्युदय-2026 के पहले दिन मंगलवार को अभिनेता, लेखक, गीतकार और गायक पीयूष मिश्रा ने युवाओं से खुलकर संवाद किया। अपने बेबाक अंदाज से उन्होंने युवाओं को जोखिम लेने, सवाल करने और अपनी राह खुद चुनने की सीख दी। उन्होंने कहा, 'मैं अभी 64 वर्ष का नौजवान हूं, जवानी बड़ी आजादी है।' उनके इस अंदाज पर सभागार तालियों से गूंज उठा।



कार्यक्रम के दौरान युवाओं के साथ संवाद करते पीयूष मिश्रा। • सौजन्यः आयोजक

सत्र की शुरुआत पीयूष मिश्रा ने 'ये दुनिया अगर मिल भी जाए तो क्या है' की पंक्तियों से की। इसके बाद 'वो सुहाने दिन, वो पुराने दिन' और 'आरंभ है प्रचंड' जैसे गीतों ने माहौल को जीवंत कर दिया। 'आरंभ है प्रचंड' की जोशीली पंक्तियां सुनाते हुए उन्होंने कहा कि संघर्ष और साहस ही जीवन को अंर्थ देते हैं। अंत में 'एक बगल में चांद होगा, एक बगल में रोटियां' की पंक्तियों' ने भी विद्यार्थियों की खूब तालियां बटोरीं।

**आज निष्पक्ष पत्रकारिता की जरूरत :** मिश्रा ने जेनजी से कहा कि केवल बातें करने से बदलाव नहीं आता। "जमकर काम करो, जमकर बहस करो और जमकर इंकलाब लाओ।" उन्होंने कहा कि घर में बैठकर क्रांति नहीं लाई जा सकती। युवाओं को समाज के बीच जाना होगा, सवाल करने होंगे और अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने कहा कि आज की जेनजी तेज और समझदार है, जरूरत सिर्फ उसे सही दिशा देने की है।

**मोबाइल में गीत खोजते ही नेटवर्क पर चुटकी :** एक गीत के बोल मोबाइल पर खोजते समय नेटवर्क नहीं आया तो पीयूष मिश्रा ने मंच से पूछा, 'क्या यहां नेटवर्क नहीं आता है?' पास बैठे कुलपति विजय मनोहर तिवारी ने चुप्पी साध लीं। मिश्रा ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'वीसी साहब, आप बुरा तो नहीं मान रहे हैं।' विश्वविद्यालय में नेटवर्क की समस्या को लेकर उनकी यह टिप्पणी भी विद्यार्थियों के बीच चर्चा का विषय बन गई।

## कला दिल से निकलती है

पीयूष मिश्रा ने बताया कि उनकी गायकी की यात्रा अभिनय के काफी बाद शुरू हुई। कला दिल से निकलती है और कलाकार के लिए खुद को अभिव्यक्त करना सबसे जरूरी है। उन्होंने विपश्यना का अनुभव भी साझा किया और कहा कि 'जीवित रहने और जिंदा रहने में बहुत फर्क है।' उन्होंने युवाओं से किताबें पढ़ने और स्वयं को समझने का प्रयास करने की बात कही।

**सत्ता स्थायी नहीं होती: मुख्यमंत्री** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने सत्ता के संदर्भ में कहा कि सत्ता स्थायी नहीं होती, इसलिए इसका उपयोग समाज और प्रदेश के हित में होना चाहिए। कार्यक्रम में फर्जी खबरों को लेकर भी संदेश दिया गया कि बिना पुष्टि किसी सूचना को आगे बढ़ाना युवाओं और समाज दोनों के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

**ट्रोलिंग को बताया डर का हथियार :** पीयूष मिश्रा ने ट्रोलिंग पर कहा कि इंटरनेट मीडिया पर किसी को भी निशाना बनाना आसान है, लेकिन इससे डरकर अपनी बात कहना नहीं छोड़ना चाहिए। जेन जी से सवाल करने और अपनी सोच के साथ खड़े रहने की बात कही।

NEWS CLIPPING SERV ICE
FROM MCNUJC LIBRARY
NAVADUNIA 19-08-2026

# न्यूज से ऊपर नेशन, देशहित को रखें सर्वोपरि : डॉ. मोहन यादव

## एमसीयू के अभ्युदय-2026 का शुभारंभ

**भोपाल।** युवा फेक न्यूज के दौर में नेक न्यूज वाले मीडियाकर्मी बनें। पत्रकारिता में सत्ता का विरोध ठीक है, लेकिन देश का विरोध नहीं होना चाहिए। पत्रकारिता में सत्य, न्यूज से ऊपर नेशन और देशहित सर्वोपरि होना चाहिए। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय में आयोजित अभ्युदय-2026 के उद्घाटन सत्र में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकार, लेखक और गीतकार पीयूष मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पीयूष मिश्रा ने विद्यार्थियों से कहा कि अपने काम में आनंद तलाशें और जमकर काम करें। किताबें पढ़ने की आदत बढ़ाने के साथ अपने क्षेत्र में एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी बनने का प्रयास करें। जेन-जी को स्मार्ट बताते हुए उन्होंने कहा कि हर पीढ़ी के युवाओं के सामने चुनौतियां रही हैं, लेकिन भगत सिंह जैसे महापुरुष सभी पीढ़ियों को याद रहते हैं। युवाओं को स्वामी विवेकानंद को भी याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि भगत सिंह, महात्मा गांधी और सरदार पटेल के दौर में सोशल मीडिया होता तो उन्हें भी ट्रोल किया जा सकता था। इसलिए अपने महापुरुषों को ट्रोल करने से बचना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से गलतियों को स्वीकार कर उनसे सीखने और उन्हें दोहराने से बचने की बात कही। इस दौरान विद्यार्थियों के आग्रह पर उन्होंने अपने कुछ गीत भी सुनाए।



NEWS CLIPPING SERV ICE
FROM MCNUJC LIBRARY
RAJ EXPRESS 19-08-2026